गोकुल धाम गार्डन, केला देवी मंदिर, में श्रीमद् भागवत कथा व नर्मदा पुराण का आयोजन

- **23 मार्च से 29 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक**

देवास। माँ कैला मैया के प्रति अपार श्रद्धा और आस्था रखने वाले मनुलाल गर्ग और उनके परिवार में देवास में सिद्धपीठ स्थापित किया है। अध्यात्म को आत्मसात कर संतों के सानिध्य क प्राप्त किया है यही कारण है कि पारिवारिक शोक से विचलित न होकर आई हुई विडम्बना को भी माँ की इच्छा समझकर उसे स्वीकार किया और नवरात्रि में माँ की साधना की परम्परा को निरंतर जारी रखा है ! माँ कैला मैया के प्रति निष्ठा और आस्था ही शोक को परे कर विश्वास को प्रबल करती है। यह विचार चैत्रीय नवरात्र के अवसर पर कैलादेवी मंदिर उत्सव समिति द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव के तत्वावधान में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य बृजरत्न वंदना श्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आपने कहा कि अध्यात्म ही एक ऐसी शक्ति है जो विश्व में शांति कायम कर सकती है।

हमारा सनातन ही हमारी शक्ति है। कथा संयोजक रायसिंह सेंधव ने प्रेसवार्ता में कहा कि वर्ष 2022 गर्ग परिवार के लिए बड़ा ही दुख एवं शोकमय रहा है। अपार धार्मिक भावना रखने वाली हमारे मन्नुलाल गर्ग की धर्मपत्नी, श्रवण कुमार जैसे पुत्र दीपक गर्ग की माताजी सुशीला देवी गर्ग का देवलोक गमन होना, साथ ही कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष परिवार के बड़े दामाद बृजमोहन अग्रवाल का आकस्मिक निधन होना, गर्ग परिवार के साथ हम सबके लिए शोक का विषय रहा है। उसके बावजूद भी गर्ग परिवार द्वारा मंदिर की धार्मिक अनुष्ठान परम्परा को यथावत रखना उनकी आस्था और निष्ठा का प्रतीक है।